**कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, रीवा एवं शहडोल संभाग रीवा (म0प्र0**

क्रमांक / 1784 / अति.सं./राज/स्था /2026 रीवा दिनांक 24.08.2026

// मेल //

प्रति ,

प्राचार्य
शासकीय अग्रणी महा0
रीवा एवं शहडोल सम्भाग क्षेत्र।

विषय— छात्राओं हेतु अजीम प्रेमजी स्कालशिप में प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं सूचना प्रसार

संदर्भः— स्टेट हेड अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन ,भोपाल।

—

विषयांतर्गत संदभित पत्र संलग्न कर लेख है कि अजीम प्रेमजी स्कालरशिप की जानकारी से जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अवगत कराते हुए छात्राओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु जिले के महाविद्यालयों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें जिससे अधिक से अधिक छात्राएं इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विस्तृत विवरण संलग्न है।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार ।

अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा
रीवा सम्भाग रीवा

Azim Premji Foundation

APFD/2026/17

20.08.2026

प्रति,

आयुक्त

उच्च शिक्षा विभाग

मध्य प्रदेश शासन भोपाल

विषय: अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप में प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं सूचना प्रसार हेतु अनुरोध ।

महोदय,

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप सत्र 2024-25 से प्रारंभ की गई है जिसके द्वितीय वर्ष में मध्य प्रदेश की 53000 छात्राओं को ₹30000 (प्रतिछात्रा) की छात्रवृत्ति प्रदान कर दी गई है|

इस वर्ष भी स्कॉलरशिप के आवेदन लेने शुरू कर दिए गये है अतः आपसे अनुरोध है कि जिला एवं तहसील स्तर तक के समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की जानकारी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाई जा सके ताकि छात्राओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके | इस हेतु उच्च शिक्षा विभाग से समस्त सरकारी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को पत्र जारी किया जा सकता है |

महोदय से निवेदन है कि कृपया उपरोक्त बिंदुओं के अनुरूप अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के व्यापक प्रसार एवं छात्राओं के चयन हेतु सहयोग प्रदान करें । आवश्यक जानकारी संलग्न है |

भवदीय


अभिषेक सिंह राठौड़

स्टेट हेड

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भोपाल

House No 36-A, Ambedkar colony old Subhash Nagar Bhopal, Pin 462023 Dist. - Bhopal (M.P)

Scanned with OKEN Scanner




# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

छात्राओं के लिए ₹30,000 की वार्षिक स्कॉलरशिप

Scanned with OKEN Scanner

Azim Premji Foundation

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

**स्कॉलरशिप**

- प्रतिवर्ष ₹30,000 की स्कॉलरशिप, जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा से संबन्धित अन्य खर्चों के लिए किया जा सकता है।
- यह स्कॉलरशिप आपके पहले स्नातक पाठ्यक्रम (डिग्री या डिप्लोमा) की संपूर्ण अवधि के लिए प्रदान की जाएगी।

**पात्रता**

- कक्षा 10 और 12 दोनों कक्षाएं किसी पात्र राज्य/केंद्रशासित प्रदेश* के सरकारी स्कूल या कॉलेज से नियमित छात्रा के रूप में पास की हो।
- शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।

**राज्य और केंद्र शासित प्रदेश***

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली (NCT), झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, और उत्तराखंड

**आवेदन की अवधि**

- पहला चरण: 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026
- दूसरा चरण: 10 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027

आवेदन पूरी तरह निःशुल्क है। सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जाएंगे।

**आवश्यक दस्तावेज़**

**सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की साफ़ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:**

1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)
2) आधार कार्ड
3) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक):
   - बैंक पासबुक, या
   - पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट
4) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट
5) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट
6) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक):
   - बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या
   - ट्यूशन फीस रसीद

नोट: सभी सॉफ़्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए। इन फ़ाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए।

आवेदन करने के लिए स्कैन करें

किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हमारी स्कॉलरशिप व्हाट्सऐप हेल्पलाइन पर संपर्क करें: +919019960536

Scanned with OKEN Scanner